खाद्य पदार्थों के नमूने अवमानक मामले में 35 फर्मों पर 7.61 लाख का जुर्माना लगाया

कोटा, (निसं)। प्रदेश में मिलावट खोरी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य पदार्थों के अवमानक पाए जाने के मामले में एडीएम सिटी कोर्ट ने 35 फर्मों पर 7 लाख 61 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

खाद्य सुरक्षा टीम ने पिछले कुछ महीनों में कई प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के सेम्पल संग्रहित किए थे। इनमें से 44 नमूने प्रयोगशाला जांच में अवमानक मिलने पर संबधित फर्मों के खिलाफ एडीएम कोर्ट में चालान पेश किए गए थे। सीएमएचओ डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कोटा शहर ईन्द्रजीत सिंह द्वारा एडीएम न्यायालय में प्रस्तुत मामलों में तीव्रता दिखाते हुए इस महीने प्रकारणों का निस्तारण करते हुए यह जुर्माना लगाया है। इन फर्मों पर लगाया जुर्माना-लाहोटी ट्रेडिंग कम्पनी, गांधी चौक पुरानी धानमंडी से घी (बाबा) अवमानक पाये जाने पर 30000रू. का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह न्यू मालूजीवाला एजेन्सीज, पुरानी धानमंडी के घी (माखनवाला) अवमानक पाये जाने पर 16000 रू का जुर्माना लगाया गया।

वहीं, खालसा रेसीडेन्सी जी-18, लैण्डमार्क सिटी के दही का नमूना अवमानक पाये जाने पर 10000 रू. का जुर्माना, कृष्णा एन्टरप्राइजेज, इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने श्री बोम्बे चौपाटी आईसक्रीम का नमूना अवमानक पाये जाने पर 80,000रू. का जुर्माना। कृष्णा पंजाबी मेस, एमपीबी-69 महावीर नगर प्रथम टोमेटो सोस (फनट्रीप) का नमूना अवमानक मिलने पर 40000 रू. का जुर्माना, खालसा डेयरी एण्ड कन्फेक्शनरी, महावीर नगर द्वितीय दूध मिश्रित अवमानक पाये जाने पर 10000 रू. का जुर्माना, गौत्तम किराना एण्ड जनरल स्टोर, देवली अरब रोड़ बोरखेडा घी नोवा अवमानक पाये जाने पर 10000 रू. का जुर्माना, थापा जी का मोमोज, तलवण्डी आयोडाइज्ड साल्ट (गुड डे) अवमानक पाये जाने पर 40000 रू. का जुर्माना, धर्मा दूध डेयरी, प्रताप नगर प्रथम, बोरखेड़ा पनीर अवमाानक पाये जाने पर 24000 रू. का जुर्माना, धर्मा दूध डेयरी, प्रताप नगर प्रथम, बोरखेड़ा घी (खुला) अवमानक पाये जाने पर 20000 रू. का जुर्माना, श्री सवाई भोज दूध डेयरी, गडार रोड़, प्रताप नगर बोरखेड़ा गाय का दूध अवमानक पाये जाने पर 15000 रू. का जुर्माना, पूजा दूध डेयरी, प्रतापनगर द्वितीय, बोरखेडा मिश्रित दूध अवमानक पाये जाने पर 10000 रू. का जुर्माना, कमला डेयरी, अम्बिका नगर, लैण्डमार्क सिटी कुन्हाड़ी मिश्रित दूध अवमानक पाये जाने पर 12000रू. का जुर्माना, ऋषभ एंटरप्राइजेज से लिए विभिन्न नमूनों पर 48000 रू. का जुर्माना, बाल गोपाल डेयरी प्रोडक्टस, कुबेर एक्सटेशन, रानपुर इण्डस्ट्रीयल एरिया घी (गुडवेल शक्ति भोग) एगमार्क स्पेशल ग्रेड एंव अवमानक पाये जाने पर 24000 रू. का जुर्माना, मॉ काली पापड़ उद्योग, लार्ज स्केल इण्डस्ट्रीयल एरिया, गोविन्द नगर आयोडाईज्ड सॉल्ट अवमानक पाये जाने पर 20000 रू. का जुर्माना, कान्हा ट्रेडर्स श्रीराम नगर देवली अरब रोड़ घी देशी (मिल्क फूड) अवमानक पाये जाने पर 20000 रू. का जुर्माना, टेस्टी स्नेकस आईपीआईए नमकीन (टेस्टी स्नेक) अवमानक पाये जाने पर 20000 रू. का जुर्माना, माहेश्वरी रेस्टोरेन्ट भारत होटल शोपिंग सेन्टर पनीर (खुला) अवमानक पाये जाने पर 12000 रू. का जुर्माना, मोहित स्वीट्स एण्ड मावा सप्लायर न्यू आकाशवाणी बजरंग नगर मावा अवमानक पाये जाने पर 24000 रू. का जुर्माना लगाया, आदर्श डेयरी विज्ञान नगर घी अवमानक पाये जाने पर 12000 रू. का जुर्माना लगाया गया।

सूचना पर सरस डेयरी प्लांट से दूध के 3 सैंपल लिए-सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर आयुक्त इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गौस्वामी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा टीम के सदस्य ने दूध सैंपलिंग की कार्रवाई की।

■ दूध के तीन और ड्राई कचोरी का एक सैंपल लिया

इसी क्रम में बुधवार को टीम ने दूध के तीन और कचौरी का एक नमूना लिया। कोटा के मार्केटिंग अधिकारी लक्ष्मण सिंह जादौन की सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का दल शहर में रावतभाटा रोड़ स्थित सरस डेयरी के प्लांट पर पहुंचे। वहां वृन्दावन मिल्क डिपो सूरजपोल की गाड़ी द्वारा झालावाड़ सरस डेयरी के नाम से सप्लाई किया जा रहा दूध जब्त किया हुआ था। वृन्दावन मिल्क डिपो के मालिक अमित गुप्ता ने यह दूध झालरापाटन के नीतू एंटरप्राइजेज द्वारा खरीदना बताया।

जबकि सरस डेयरी कोटा के चैयरमेन चैन सिंह राठौड़ ने बताया कि सरस डेयरी द्वारा एक जिले से दूसरे जिले में दूध की सप्लाई नहीं की जाती है। ऐसे में मिलावट की आशंका पर जब्त किये गये 10 कैरेट गोल्ड दूध (आधा लिटर वाले), 5 कैरेट टोन्ड दूध (आधा लीटर वाले), 5 कैरेट टोंड दूध (आधा लीटर वाले), प्रत्येक केरेट में कुल 12 लीटर दूध भरा था। इस तरह कुल 240 लीटर दूध में से खाद्य सुरक्षा टीम ने तीन नमूने खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लेकर खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला भिजवाए। जिनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी। वहीं, सरस डेयरी कोटा की विजिलेंस टीम द्वारा मामले की आगे जांच की जा रही है। इधर, शाम को खाद्य सुरक्षा टीम ने नयापुरा स्थित रतन स्वीट्स एवं नमकीन से ड्राई कचौरी का एक नमूना लिया। कार्रवाई करने वाली टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चन्दवीर सिंह जादौन और नितेश गौतम शामिल थे।

भवि शर्मा बनी एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने वाली पहली हूला हूप बेबी

हूला हूप बेबी भवि शर्मा

कोटा, (निसं)। नन्ही बालिका भवि शर्मा नें गायन के साथ हूला हुप करते हुए एशिया बुक ऑफ रेकार्ड में नाम दर्ज करवाकर अपना स्वयं का बनाया हुआ रिकॉर्ड तोड़कर सम्पूर्ण हाड़ौती का नाम रोशन कर दिया है।

भवि शर्मा के नाना सुरेश शर्मा ने बताया कि भवि को बचपन से ही गाने का बहुत शौक रहा है और वह मधुर स्वर में गीत, गजल, भजन, गाती रही है। इसी के साथ उसे हूला हुप करने का शौक भी लगा जिसे भी वह बखूबी करने लगी। आगे चलकर लगातार अभ्यास से उसने गायन और हूलाहूप दोनों एक साथ करने में महारथ हासिल की। इंडिया बुक ऑफ रेकार्ड में दर्ज प्रतिभाओं और उनकी जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ कि पूरे भारत में हूला हूप एवं गायन दोनों कलाओं को एक साथ प्रदर्शित करने वाला कोई कलाकार नहीं है तो भवि को इस क्षेत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा मिली और उसने लगातार अभ्यास करके इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड में 10 वर्ष 05 माह 28 दिन की उम्र में 3 मिनट 20 सेकण्ड में 413 हूला हूप स्पीन कर अपना नाम दर्ज करवाया।

अपने गुरू नरेन्द्र कुमार दुबे एवं पुष्पलता दुबे से प्रोत्साहन पाकर भवि षर्मा ने एषिया बुक ऑफ रेकार्ड में अपना नाम दर्ज करवाया यह रेकार्ड उसने 11 वर्ष 04 माह और 6 दिन की उम्र में 6 मिनट 12 सेकण्ड तक हिन्दी गीत के गायन के साथ 723 हूला हूप स्पीन करके 01 अप्रेल 2024 को कायम किया।

इस प्रकार वह गायन के साथ अधिकतम बार हूला हूप करने वाली एशिया की पहली बालिका बन गई है। भवि शर्मा विलक्षण प्रतिभा की धनी है और झालरापाटन चन्द्रभागा मेला, कोटा दशहरा मेला सहित कइ बड़े कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। गायन के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के लिए उन्हें 26 जनवरी 2023 एवं 15 अगस्त 2023 को जिला कलक्टर झालावाड़ द्धारा भी जिला स्तर पर आयोजित मुख्य समारोह में सम्मानित भी किया जा चुका है।

भवि शर्मा अब पूरे हाड़ौती संभाग में हूला हूप बेबी के नाम से जानी जाने लगी है। भवि शर्मा ने अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय अपने पिता नितेश शर्मा, माता विजया शर्मा, संगीत गुरू भुपेन्द्र सिकरवार, नरेन्द्र कुमार दुबे एवं पुष्पलता दुबे सौरभ सोनी सहित सभी परिवारजनों को दिया जिनकी प्रेरणा से उसे ये सफलता मिली।

भवि का लक्ष्य है कि जल्दी ही वो अपना ही रेकार्ड तोड़कर अर्न्तराट्रीय स्तर पर भी अपना नाम दर्ज करावें। भवि शर्मा वर्तमान में डीएवी कोटा में कक्षा सात की छात्रा है।

सार-समाचार

मतदान के लिये जागरुक किया

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय संत बाल योगी उमेश नाथ महाराज राज्यसभा सांसद कि प्रेरणा से कोटा में वाल्मीकि समाज में काफी जागरुकता आई है और युवाओं की टोली निरंतर लोगों को सामाजिक सरोकार के कार्यों के साथ ही मतदाधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित कर रही है। युवा नेता विकास नरवार ने बताया कि कोटा का वाल्मीकि समाज शत-प्रतिशत मतदान करें, इसी उद्देश्य को लेकर वाल्मीकि बस्तियों में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है और राष्ट्रहित में अधिक से अधिक मतदान हो ऐसा प्रयास किया जा रहा है। नरवार ने कहा कि अयोध्या में बाल्मीकि समाज का गौरव बढ़ा है, अयोध्या एयरपोर्ट का नाम भगवान वाल्मीकि के नाम पर रखकर जो हमें सम्मान मिला है उसके लिए अब समय है कि हम भी मतदान कर अपने वोट के माध्यम से राष्ट्रहित व सनातन हित में मतदान करें। इसके साथ ही पहली बार अयोध्या में वाल्मीकि भगवान का मंदिर भी बनने जा रहा है यह समाज के लिए नई क्रांति का उदय है। युवाओं की टोली ने गणेशपुरा, स्टेशन माचिस फैक्ट्री, नेहरु नगर, डडवाड़ा, रेलवे कॉलोनी, वाल्मीकि समाज के परिवार और बस्तियों में जनसम्पर्क किया और शत-प्रतिशत मतदान के लिए आमजन को प्रेरित किया है। इस अवसर पर बडी संख्या में महिलाओं ने भी संकल्प लिया कि वह पहले मतदान करेंगे और उसके बाद काम पर जाएंगे। बुजुर्गों को भी मतदान स्थल तक लेकर जाएंगे और उनका भी मतदान करवाएंगे।

सीएससी केंद्र संचालकों का सम्मान किया

कोटा, (निसं)। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी भारत सरकार के अंतर्गत संचालित सीएससी केंद्रो के संचालकों का माला पहनाकर सम्मान किया। सारथी सीएससी केंद्र रायपुरा रोड़ पर सम्मान कार्यक्रम मे सीएससी के जिला सहायक प्रबंधक लोकेश भट्ट ने बताया की आज के कार्यक्रम मे जिले टॉप एवम नये संचालकों को सम्मानित किया गया। साथ ही सीएससी संचालको को डिजिटल सेवा की ट्रेनिंग भी दी गई। जिसमे सीएससी संचालक अपना बिजनेश बड़ा सकें और साथ ही आम लोगो तक डिजिटल सेवा के माध्यम से बैंकिंग एकाउंट ओपन, आधार से पैमेंट निकालने, आधार संशोधन, मोटर बीमा, सरकारी परीक्षा, सभी प्रकार के लोन की सुविधा, एनपीएस, मोटर वाहनों की बुकिंग, इत्यादि सर्विसेज की सुविधा अपने सीएससी केंद्रो से आम नागरिकों तक कैसे पहुचाया जाये इसकी जनकारी दी। जिसमे जिला प्रबंधक विकाश तुरावा ने भी संचालकों का मनोबल बढढ़ाया और किस प्रकार अपने केंद्रो पर आने वाले नागरिकों को दी जाने वाली सेवाओ के बारे मे बताया जायें। कार्यक्रम मे महिंद्रा होम फाइनेंस, एचडीएफसी, टाटा एआईए के अधिकारियों ने भी संचालको को मोटिवेट किया। कार्यक्रम सीएससी संचालक कौशल किशोर नागर, हरीश गुर्जर, लेखराज, निरंजन, नवीन, महेश, जितेंद्र, इत्यादि संचालक उपस्थित रहे।

मतदाता जागरुकता का संदेश दिया

कोटा, (निसं)। कीर्तांशम् दी ग्रुप ऑफ़ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से बुधवार को शहर मे लगी थड़ियों में पहुंचकर मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए लोकतंत्र का मान बढ़ाते हुए मतदान करने का संदेश दिया गया। संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान की ओर से शहर की थड़ियों में पहुँचकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे पॉकेट चिन्हित कर उनके बीच पहुंचकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ.जी.आर. गोयल ने बताया कि संस्थान की ओर से मंगलवार व बुधवार को शहर की थड़ियों में पहुंच कर मतदान दिवस 26 अप्रैल को आवश्यक रूप से मतदान करने के लिए कहा गया। संस्थान की महासचिव रेखा सैनी ने बताया कि कई मतदाता काम-धंधे में व्यस्त रहने के कारण मतदाता जागरुकता कार्यक्रम से जुड़ नही पाते हैं। इस लिए उन तक पहुंचकर लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी निभाते हुए आवश्यक रुप से मतदान करने की अपील की गयी। इस दौरान संस्थान के डॉ.दीप सिंह, मोनिका, तन्मय एवं तुषार मुख्य से मौजूद थे।

सिन्धी समाज ने मतदान पश्चात ही भोजन करने का संकल्प लिया

कोटा, (निसं)। पूज्य सिंधी पंचायत सेक्टर-4 महावीर नगर विस्तार कोटा द्वारा सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने के पश्चात ही भोजन करेगें। पंचायत अध्यक्ष शमशेर परमानी ने बताया कि झूलेलाल मंदिर परिसर में समाज की महिलाओं व पुरूषों द्वारा एकमत होकर लोकसभा चुनाव मे शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। महिलाओं द्वारा भी अपने घर के पुरूषों को मतदान के पश्चात ही भोजन कराने का निर्णय लिया ताकि अधिक से अधिक व दोपहर से पहले ही मतदान किया जा सकें। इस अवसर पर पंचायत के देवीचंद दरियानी, श्रीचन्द चौथवानी, सेवक भोजवानी, दीपक चुग्घ, विक्की चौथवानी, दौलत लालवानी, अनिल टिलवानी, महिला मण्डल की भारती चांदवानी, उषा दरियानी, कविता चौथवानी, कोमल भाग्या, लता भोजवानी, आशा पुरसवानी, संगीता टहिलानी, भूमि राजानी, मुस्कान चुग्घ, हर्षिता पुरसवानी, कोमल राजानी उपस्थित रही।

आरसीए कोटा को हराकर अनंतपुरा क्रिकेट अकेडमी फाईनल में पहुंची

कोटा, (निसं)। यूनिक क्रिकेट अकेडमी कोटा के तत्वाधान में बेस्ट इन टाउन कप अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन यूनिक क्रिकेट ग्राउंड, भदाना कोटा पर किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के संयोजक ओमेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिवसीय फॉर्मेट में खेले जाने वाले लीग मैच में अनंतपुरा क्रिकेट अकेडमी बनाम आरसीए कोटा के मध्य खेले गए मैच में अनंतपुरा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अनंतपुरा टीम के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेज गति से रन बनाए और टीम ने 65.5 ओवर में 398 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मध्य क्रम के बल्लेबाज शौर्य सिंह ने 117 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली तथा अजय डाबी ने 79 रन, नीलय अरोड़ा ने 69 रन और विवेक बागड़ी ने 49 रनों का महत्वपूर्ण योगदान किया। आरसीए कोटा टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए यशवंत कुमार, सारांश सिसोदिया, सावन मीना और अभय ने दो-दो विकेट लिए तथा मनप्रीत सिंह और भव्य कारा ने एक-एक विकेट लिया।

■ शिवराज व शौर्य सिंह के शानदार शतक

इसके पश्चात पहली पारी में आरसीए कोटा की टीम 40.2 ओवर में 191 में रनों पर ही सिमट गई जिसमें सोहेल मोहम्मद ने 46 रन, सारांश सिसोदिया ने 43 रन तथा सावन मीणा ने 23 रनों की पारियां खेली। अनंतपुरा टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए कप्तान शिवराज ने 9 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए तथा प्रवीण शर्मा ने तीन विकेट, आदर्श गोचर और कुशाल ने एक-एक विकेट लिया।

अनंतपुरा टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में कप्तान शिवराज के 105 रनों की शानदार शतकीय पारी तथा प्रतीक्षा सिंह की 72 रनों की और माधव गोपाल गौतम की 58 रनों की अर्धशतकीय पारियों व अजय डाबी के 45 रन की सहायता से 8 विकेट के नुकसान पर 339 रन बना लिए वही आरसीए कोटा की ओर से गेंदबाजी करते हुए मनप्रीत सिंह ने तीन विकेट, सारांश सिसोदिया और मन्नू मोहन ने दो-दो विकेट तथा अभिराज सिंह ने एक विकेट लिया तथा इसके साथ ही मैच ड्रॉ पर समाप्त हो गया।

अनंतपुरा टीम ने यह मुकाबला पहली पारी के बढ़त के आधार पर जीत लिया तथा प्रतियोगिता के फाइनल में स्थान लगभग पक्का कर लिया। मैच के पश्चात अनंतपुरा टीम के कप्तान शिवराज को शानदार शतकीय पारी एवं पांच विकेट के लिए मैन ऑफ द मैच से तथा आरसीए कोटा टीम के मन्नू मोहन को फाईटर ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

ओमेंद्र सिंह ने बताया कि मैच के दौरान मुख्य अतिथि आरसीए कोटा टीम के हेड कोच जीतू सिंह, अनंतपुरा क्रिकेट अकैडमी के हेड कोच अनस अली, समी उल हक, अविनाश मीणा एवं आयोजन समिति के सदस्य व खिलाड़ी मौजूद रहे।

755 मतदान केंद्र कैमरे की नजर में रहेंगे

कोटा, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 755 मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की जाएगी। वेब कास्टिंग के जरिए दूर दराज स्थित मतदान केंद्र की हर गतिविधि पर जिला मुख्यालय से नजर रखी जा सकेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं

■ जिला मुख्यालय से बूथ की हर गतिविधि देख सकेंगे

संबद्ध अधिकारियों द्वारा इस तकनीकी सुविधा के माध्यम से बूथ की गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया जा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि कोटा जिले में कुल 1507 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 755 मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग के जरिए कैमरे से पैनी निगाह रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि वेब कास्टिंग से संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रो की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी और निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न होने में यह व्यवस्था मददगार बनेगी।

जिले में 27 अप्रेल तक धारा 144 लागू

कोटा, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने आदेश जारी कर सम्पूर्ण जिले में शनिवार 27 अप्रैल की मध्यरात्रि तक धारा 144 लागू की है। आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति मतदान दिवस को मतदान केन्द्र से सौ मीटर (100) की परिधि के अन्दर किसी भी तरह के मोबाईल फोन, सैल फोन, वायरलेस का उपयोग नहीं करेगा, न ही लेकर चलेगा। यह प्रतिबंध चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अधीन मतदान के समापन के 48 घंटे पूर्व से 26 अप्रेल (शुक्रवार) को सांय 6 बजे (मतदान समाप्ति) तक की अवधि के दौरान निर्वाचन के संबध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलायेगा न ही आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न ही उसमें सम्मिलित होगा, न ही उसे संबोधित करेगा।

कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से आयोजित करने या उसके आयोजन की व्यवस्था करके जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। उक्त अवधि में आमजन द्वारा निर्वाचन संबंधी कार्य के लिये लाउड स्पीकर, एम्पलीफायर, रेडियो, टेप अथवा अन्य ध्वनि प्रसारित यंत्रो का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधित क्षेत्र में 5 से अधिक लोगों के इकट्ठा होने, एक साथ आवाजाही करने की अनुमति नहीं होगी तथापि घर-घर जाकर प्रचार अभियान के संबध में 48 घंटो के दौरान द्वार से द्वार भ्रमण प्रतिबंधित नहीं होगा एवं शादी समारोह, निजी-सामाजिक कार्यक्रम के लिये यह आदेश लागू नहीं होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी राजनैतिक व्यक्ति जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या अभ्यर्थी नहीं है अथवा सांसद नहीं है, क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने के पश्चात नहीं ठहर सकता। यह भी निर्देश है कि राज्य की सुरक्षा कवच प्राप्त राजनैतिक व्यक्ति यदि निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता है तो वह अपने मताधिकार का उपयोग करने के बाद क्षेत्र में आवाजाही नहीं करेगें। यह आदेश 24 अप्रैल (बुधवार) सांय 6 बजे से प्रभावी होकर 27 अप्रेल की मध्यरात्रि तक रहेगा।

नाम परिवर्तन

पासपोर्ट में मेरा नाम YOGESHWER MOOL CHAND JAIN है जो गलत है मेरे दस्तावेजों में मेरा नाम YOGESHWER JAIN है अतः पासपोर्ट में नाम YOGESHWER JAIN लिखाकर संशोधित पासपोर्ट जारी किया जावे ।

रक्तदान किया

कोटा, (निसं)। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड, कोटा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व की पूर्ति करते हुये 23 एवं 24 अप्रैल को डीसीएम श्रीराम प्रांगण में कोटा ब्लड बैंक के साथ एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कर्मचारियों ने 302 यूनिट रक्तदान कर सहयोग दिया। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की ओर से वीनू मेहता, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एण्ड रेजीडेन्ट हैड-कोटा तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण व कर्मचारी साथी मौजूद थे।

शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरुक किया

कोटा, (निसं)। महावीर नगर स्थित एलबीएस स्कूल परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एलबीएस स्कूल में स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसके तहत स्कूल के विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को शपथ दिलाकर उन्हें शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया गया। संस्थान के चेयरमैन कुलदीप माथुर ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयोजित किए गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कहा कि हमें पूर्ण निष्ठा एवं लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा का पालन करना चाहिऐं। साथ ही हमें लोकसभा चुनाव में निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखना होगा।

माथुर ने उपस्थित लोगों को अपने मत के बारे में समझाया एवं मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बालिग व्यक्ति जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है उसे अपने मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए।

ताकि वह देश में लोकतांत्रिक रूप से सरकार के निर्वाचन में अपनी भागीदारी निभा सके और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्ररित करें। उन्होंने उपस्थित लोगों को अपने मत का उपयोग करने एवं शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/ तामीर शाखा/2024/552 सार्वजनिक विज्ञप्ति दिनांक 19.04.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उषा जैन पत्नी श्री दिनेश कुमार जैन, श्रीमती प्रिया अग्रवाल पत्नी श्री घनश्याम अग्रवाल एवं श्रीमती शकुंतला गोयल पत्नी श्री पुरुषोत्तम गोयल निवासी बारां के नाम व्यवसायिक पट्टा संख्या 8184 दिनांक 07.10.2023 एकल भूखंड माप 4307.43 वर्गमीटर का जारी किया गया था जिसमें आवेदक द्वारा नगर परिषद बारां से proposed commercial retail building निर्माण स्वीकृति चाही गई है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अन्य किसी को आपत्ति हो तो अन्दर 7 दिवस में आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ कार्यालय हाजा में प्रस्तुत करे। बाद अवधि गुजर जाने पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद बारां

मतदान दल रवानगी स्थल का निरीक्षण

बूंदी (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने बुधवार को बूंदी के हायर सैकेण्डरी स्कूल परिसर में बनाए गए मतदान रवानगी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, मतदान दलों की रवानगी एवं वापसी, सुरक्षा संबंधी सहित अन्य चुनाव कार्यो की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान दलों की रवानगी के लिए लगाए गए पांडाल में पेयजल की उचित व्यवस्था रखी जावे। साथ ही गर्मी के मद्देनजर अतिरिक्त कूलर भी पांडाल में लगाए जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जावे कि पांडाल में लगाए गए कूलरों में पानी की उपलब्धता रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान दल रवानगी के समय में मतदान दलों को उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्री के मिलाने के लिए नई व्यवस्था की गई है। इसके तहत मतदान दल चुनाव सामग्री लेने के बाद इसका मिलान अलग से बनाए गए पंडाल में स्थापित सामग्री मिलान केन्द्र पर करवाएंगे, ताकि चुनाव कर्मियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सामग्री मिलान केन्द्र के लिए सभी आवश्यक इंतजाम एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने मतदान रवानगी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी।

निरीक्षण के दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी घनश्याम शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दुर्गाशंकर मीणा, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, हिंडोली उपखंड अधिकारी विनोद मीणा, बूंदी उपखंड अधिकारी दीपक मित्तल, केशवरायपाटन उपखंड अधिकारी दीपक महावर, एसीबीईओ ऋषिराज शर्मा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-137 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-4.4.24

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीनाथपुरम-डी आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 105 का हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 26.03.2008 को श्री विमल बिहानी पुत्र श्री लालचंद बिहानी को हस्तान्तरण किया गया था। आवंटी श्री विमल बिहानी पुत्र श्री लालचंद बिहानी द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती नीलम जोहर पत्नी श्री हरप्रीत सिंह रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 17.03.2023 को श्री हरप्रीत सिंह जोहर पुत्र स्व. श्री जसबीर सिंह जोहर को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 105 योजना श्रीनाथपुरम-डी आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री हरप्रीत सिंह जोहर पुत्र स्व. श्री जसबीर सिंह जोहर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक : LU2012/KOT/2024-25/100702 **लोक सूचना** दिनांक : 23.04.2024

श्री NARENDRA KHANDELWAL पुत्र श्री SHRINATH जाति MAHAJAN निवासी D-15, BALLABHBARI, GUMANPURA, KOTA NEW DHANMANDI KOTA RAJASTHAN ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	कुन्हाड़ी, लाड़पुरा (कोटा)	NARENDRA KHANDELWAL S/O SHRI NATH KHANDELWAL HISSA PURNA CASTE MAHAJAN NIWASI D-15, BALLABHBARI, GUMANPURA, KOTA	606/93	4800	0.48
2.	कुन्हाड़ी, लाड़पुरा (कोटा)	NARENDRA KHANDELWAL S/O SHRI NATH KHANDELWAL HISSA PURNA CASTE MAHAJAN NIWASI D-15, BALLABHBARI, GUMANPURA, KOTA	608/607	10400	1.04
				कुल	1.52

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम,